हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 32.0 डिग्री

11 गर्मी में जिलावासियों की बिजली-पानी की समस्या का विशेष ध्यान रखें अधिकारी



12 पॉलीटेक्निक कॉलेज धामलावास में 360 सीटों पर आवेदन 18 जून तक



RPS GROUP OF COLLEGES
MAHENDERGARH
ENGINEERING | DEGREE COLLEGE
POLYTECHNIC | MANAGEMENT | VETERINARY
SCHOLARSHIP FOR MERITORIOUS STUDENTS
"EXPLORE DEEPER DIMENSIONS OF KNOWLEDGE"
# फ़ैसला ही फ़ासला बनाता है
B.Sc. Medical & Non - Medical
B.Sc. (Hons.) Maths, Chemistry, Physics, Botany, Zoology
Special Classes
For All Competitive Exams during College Hours
PRAYAAS
A CENTER FOR COMPETITIVE EXAMS
IIT/JAM | CIVIL SERVICES IAS/IPS | BANKING/INSURANCE | NET/GATE | SSC CGL/CPO/HSSC/CLERK
Limited Seats | Direct Admission | Sunday Open
ADMISSION OPEN
SESSION : 2024-25
HOSTEL & BUS FACILITY
FOR BOYS & GIRLS
Add.: 8th Mile Stone Balana, Mahendergarh, Hr. (NCR)
Tel.: 01285-241432, 7838029507, 8222999153
www.rpsdegreecollege.edu.in

## खबर संक्षेप

### घर के सामने प्लॉट में खड़े युवक के साथ मारपीट

**रेवाड़ी।** बावल रोड स्थित कॉलोनी के प्लाट में खड़े युवक पर दो लोगों ने हमला कर दिया, जिससे उसे काफी चोटें आई। सरस्वती विहार गली नंबर-8 निवासी अनुज कुमार ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 11 जून रात करीब 10:30 बजे अपने घर के सामने प्लॉट में खड़ा था कि तभी धर्मेन्द्र स्कूटी लेकर शराब के नशे में वहां आ गया तथा मेरे घर के पास स्कूटी खड़ी करके पीछे से हमला कर दिया, तभी उसका लड़का तुषार भी आ गया और उसने भी अनुज के साथ मारपीट शुरू कर दी। पडोसियों ने आकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद दोनों उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### साधूशाह भक्ति आश्रम में भंडारा आज

**रेवाड़ी।** साधूशाह भक्ति सेवा आश्रम में पीरबाबा साधूशाह महाराज व महादेव मंदिर के 14वें सत्संग व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। 13 जून रात्रि को 9 बजे सत्संग का आयोजन किया जाएगा तथा 14 जून को प्रातः 8 बजे हवन व 12 बजे से भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद लोकेश यादव व संस्थापक व सेवक बाबा सेठीराम, खटीकानंद महाराज साधूशाह भक्ति आश्रम होंगे।

### घर के सामने बंधी चार बकरियां चोरी

**बावल।** बावल क्षेत्र के गांव टांकड़ी में घर के बाहर बंधी बकरियां चोरी हो गई। गांव टांकड़ी निवासी संजय कुमार ने बावल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने घर के सामने चार बकरियां बांधी हुई थी। सुबह जब उठकर देखा तो बकरियां गायब थी। चोरी की वारदात गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुधराना में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ आज

**नाहड़।** ग्राम वासियों की ओर से सुधराना साल्हावास रोड स्थित बाबा भैया धाम पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 14 जून को किया जाएगा। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा समापन पर जागरण व भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कमेटी सदस्यों ने बताया कि बाबा भैया धाम पर 14 से 20 जून तक दोपहर 11 से 3 बजे कथा वाचक बांके बिहारी वृंदावन वाले श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। 13 जून को प्रात 6 बजे सुधराना गांव से साल्हावास रोड़ स्थित बाबा भैया धाम तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। 20 जून रात्रि 9 बजे गायक कलाकार नरेंद्र कौशिक एंड पार्टी जागरण में बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे तथा 21 जून प्रातः हवन के बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### गांव बहाला से व्यक्ति लापता

**नाहड़।** गांव बहाला में टैंट की दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी लापता हो गया। व्यक्ति की पत्नी गांव बहाला निवासी सुनीता ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति अमित कुमार 8 जून रात करीब 9:30 बजे बगैर बताए घर से कही चला गया है तथा अपना आधार कार्ड, वोटिंग कार्ड व राशन कार्ड भी साथ लेकर गया है।

## भ्रूण लिंग परीक्षण के नाम पर दंपतियों को कर रहे गुमराह, बदनामी का शिकार हो रहे निर्दोष अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक

# सैक्स डिटर्मिनेशन में दलालों का बड़ा खेल काबू करने के तमाम प्रयास हो रहे फेल

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

प्री-नेटल सैक्स डिटर्मिनेशन के नाम पर दंपतियों को गुमराह करते हुए मोटा पैसा कमा रहे दलालों का नेटवर्क पूरे प्रदेश से लेकर पड़ोसी राज्यों तक में फैला हुआ है। दलाल गर्भ में शिशु लिंग की जांच के नाम पर दंपतियों को जाल में फंसाते हुए मोटा पैसा कमा करे हैं, जबकि बदनामी का दाग अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों के माथे पर लग रहा है। अल्ट्रासाउंड के बाद दलाल दंपतियों को गुमराह करते हुए गर्भपात की व्यवस्था तक करते हैं। मुख्य दलालों को काबू करने के स्वास्थ्य विभाग के प्रयास सिरे नहीं चढ़ पा रहे हैं।

पुख्ता सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार के अनुसार पीएनडीटी एक्ट की सख्ती से पालना होने के कारण अधिकांश अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक किसी भी सूरत में सैक्स डिटर्मिनेशन का कार्य करने को तैयार नहीं होते। इन अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों ने अपने सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरों से लेकर फोन कॉल रिकॉर्डिंग तक की व्यवस्था की हुई है, ताकि झूठी शिकायत के आधार पर उन्हें जाल में नहीं फंसाया जा सके। इसी बात का फायदा कुछ बड़े दलाल खुलकर उठा रहे हैं। इन दलालों का नेटवर्क काफी बड़ा हो चुका है। वह खुद सामने आने की बजाय अपने गुर्गों को नामी अल्ट्रासाउंड केंद्रों के बाहर गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों पर नजर रखने के लिए छोड़ देते हैं। यह गुर्गे धीरे-धीरे अल्ट्रासाउंड केंद्रों के स्टाफ सदस्यों से भी जान-पहचान बनाने में कामयाब हो जाते हैं, ताकि उसके सहारे वह अपने काम को आसानी से अंजाम दे सकें। जब इन गुर्गों के जाल में कोई फंसता है, तो यह बड़ी साफगोई से अपने आका तक ग्राहक पहुंचाने का इंतजाम कर देते हैं। इसके बाद दलाल ग्राहक को पूरी तरह गुमराह करते हुए 50 हजार से एक लाख रुपये ऐंठने का पुख्ता इंतजाम कर लेता है। ग्राहक के संपर्क में आने के बाद उसे कातिल अंजाम तक पहुंचाने के लिए लगभग एक माह तक एक्सरसाइज की जाती है।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल परिसर। फोटो :हरिभूमि

### ऐसे शुरू होता है दलालों का खेल

अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों के आसपास दलालों के गुर्गे किसी ने किसी रूप में मौजूद रहते हैं। उनकी निगाहें गर्भवती महिलाओं के परिजनों पर होती है। बातों ही बातों में यह पहले इस बात का पता लगाते हैं कि महिला के परिजन सैक्स डिटरमेशन कराना चाहते हैं या नहीं। अगर को सैक्स डिटर्मिनेशन कराने के लिए तैयार नजर आता है, तो उसे मेन दलाल तक पहुंचाने की व्यवस्था कर दी जाती है। गुर्गों का काम खत्म होने के बाद दलाल का खेल शुरू हो जाता है।

### लोगों में जागरूकता लाना जरूरी



अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक इस अनैतिक कार्य को अंजाम नहीं दे रहे। दलाल किस्म के लोग ही गर्भवती महिलाओं के परिजनों को गुमराह करते हुए अल्ट्रासाउंड केंद्रों को बदनाम करते हैं। साथ ही गर्भ में शिशु की हत्या जैसे संगीन जुर्म को अंजाम देते हैं। इसके लिए समाज के लोगों का जागरूक होना जरूरी है। आईएमए इस मामले में हमेशा स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के साथ खड़ी रहती है।

-डा. दीपक यादव, प्रधान, आईएमए।

### कोख में कत्ल का कातिल खेल

महिला के गर्भ में चाहे लड़का पल रहा हो या लड़की, दलाल ग्राहक को गर्भ में लड़की होने की बात ही बताता है। जिन दंपतियों को पहले ही एक या इससे ज्यादा लड़कियां हैं, वह गर्भपात कराने के लिए तैयार हो जाते हैं। इसके बाद दलाल कोख में शिशु का कत्ल करने का इंतजाम भी 30 से 50 हजार रुपये में करता है। अगर कोई दंपति गर्भपात के लिए तैयार नहीं होता, तो लड़की बताने के बाद लड़का होने की स्थिति में मामला उजागर होता है। संदेह अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक पर ही होता है।

### लोगों को ऐसे गुमराह कर रहे दलाल

सूत्रों के अनुसार ग्राहक फंसने के बाद दलाल सबसे पहले सैक्स डिटर्मिनेशन की फीस तय करते हैं। यह 50 से 70 हजार रुपये तक हो सकती है। इसके बाद खुद को बचाने के लिए ग्राहक की कुछ दिनों तक ऑब्जर्वेशन कराई जाती है कि वह किसी के इशारे पर तो नहीं भेजा गया है। रास्ता साफ होने के बाद तय की गई फीस कैश लेने की बजाय ऑनलाइन ट्रांसफार्मर कराई जाती है। आधी से ज्यादा रकम अल्ट्रासाउंड कराने से पहले ही ले ली जाती है।

### काबू करने के प्रयास लगातार जारी

यह बात सही है कि दलाल आज भी लोगों को भ्रमित करते हुए गर्भ में भ्रूण हत्याओं को अंजाम दे रहे हैं।



अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर भ्रूण जांच के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। हमने ऐसे लोगों को पकड़ने के लिए काफी प्रयास किए हैं, लेकिन लोगों के सहयोग के बिना सफलता नहीं मिल पा रही है। आमजन को यह समझना चाहिए के भ्रूण लिंग की जांच के नाम पर दलाल उन्हें गुमराह करते हुए गर्भपात कराते हैं। ऐसे लोगों के बारे में सूचना वाले देने वाले व्यक्ति को 1 लाख रुपये के इनाम का प्रावधान है।

-डा. सुरेंद्र यादव, सीएमओ।

### अल्ट्रासाउंड केंद्र तक छोड़ने तक सीमित

सूत्र बताते हैं कि सौदा तय होने के बाद दलालों के गुर्गे गर्भवती महिला को अल्ट्रासाउंड केंद्र तक पहुंचाने का काम करते हैं। कर्मचारियों से जान-पहचाने के कारण नंबर पहले लगवा दिया जाता है, जिससे ग्राहक का दलाल पर विश्वास बढ़ जाता है। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में सिर्फ यही बताया जाता है कि गर्भ में पल रहा शिशु स्वस्थ है या नहीं। इसके बाद दलाल ग्राहक के सामने फर्जी कॉल से इस बात की पुष्टि कराता है कि शिशु लड़का है या लड़की।

# युवक की हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला गुर्जरवाड़ा रेवाड़ी निवासी हंसराज पोसवाल के रूप में हुई है। मोहल्ला भजन का बाग निवासी यशपाल ने अपनी शिकायत में बताया था कि 30 मई को सुबह 3-4 बजे के करीब उसके घर पर उसके बेटे का दोस्त आकाश उर्फ सन्नी आया और उसके बेटे लोकेश को घूमने की बात कहकर स्कूटी पर ले गया। उसके बाद सुबह 7 बजे आकाश उर्फ सन्नी हमारी स्कूटी को घर के सामने खड़ा कर दिया। आकाश ने बताया कि लोकेश स्कूटी से गिर गया है उसके सिर पर चोट आई है वह विराट हॉस्पिटल में भर्ती है। मैंने स्कूटी की डिग्गी चैक की तो उसमें मेरे बेटे का बंद मोबाइल फोन मिला। सुबह करीब 8 बजे जब वह ट्रामा सेंटर पहुंचा तो पता चला कि उसके लड़के लोकेश की मृत्यु हो गई है। उसके शरीर पर डंडों से काफी चोटें लगी हुई थी। गुर्जरवाडा निवासी हंसराज उर्फ हंसा गुर्जर, राज, साहिल, सचिन, आकाश उर्फ सन्नी, भक्तीनगर निवासी धमेन्द्र उर्फ भोला व रामपुरा निवासी चिराग ने मिलकर कटेंनर डिपो के पास बनी झुग्गियों के पास लोकेश की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी आकाश उर्फ सन्नी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को एक और आरोपी हंसराज पोसवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी हंसराज पोसवाल। फोटो :हरिभूमि

# फांसी के फंदे पर लटकी मिली विवाहिता

## भाई ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी कोसली

उपमंडल के गांव बैहरमपुर में एक विवाहिता अपने घर में फंदे पर लटकी पाई गई। मृतक के भाई गुरुग्राम जिले के भोकरका गांव निवासी मुरारी लाल ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बहन प्रिया का विवाह 13 वर्ष पहले बैहरमपुर गांव के बिट्टू यादव से हुआ था। प्रिया का पति बिट्टू, सास सरोज व ससुर रोहतास आए दिन उसके साथ झगड़ा करते थे। बिट्टू नशे का आदि है। प्रिया उसे नशा करने से रोकती थी तो सास-ससुर उसे पीटते थे। नशे की लत के कारण बिट्टू 10 एकड़ जमीन बेच चुका है तथा प्रिया के जेवर रखकर लोन ले चुका है। उसने पति व सास-ससुर पर उसे मारकर फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक के भाई ने बताया कि बुधवार प्रातः उन्हें किसी ने सूचना दी कि उनकी बहन ने फांसी लगा ली है, जिसके बाद वह गांव बैहरमपुर पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोसली पुलिस ने मृतका के शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मुरारी लाल की शिकायत पर आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### होटल पर खाना खाने गए दो युवकों के साथ मारपीट

**धारूहेड़ा।** होटल पर खाना खाने के लिए गए दो युवकों के साथ अन्य दो युवकों ने मारपीट कर दी। हाउंसिंग बार्ड भिवाडी जिला अलवर राजस्थान निवासी गुरुदत ने धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 जून को रात करीब 8:30 बजे वह अपने दोस्त ओमप्रकाश निवासी कसौला के साथ शर्मा होटल भिवाड़ी मोड पर खाना खाने गए थे। थोडी देर बाद पास के टाइगर होटल के पीछे से आए दो लड़कों ने बिना किसी कारण उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी युवक बोले कि तुम टाइगर होटल पर खाना क्यों नहीं खाते। एक ने कहा वह टाईगर होटल पर काम करता है और पहले भी कई बार शर्मा होटल पर आने वाले ग्राहकों को भगा चुका है। उसने बताया कि रावत निवासी निसणी जिला पोडी गढवाल उतराखंड व पुष्कर शर्मा निवासी किठुरी जिला बस्ती उतरप्रदेश ने दोनों के साथ होटल पर रखी कुर्सियों से मारपीट की। बाद में होटल के मालिक विक्रम कौशिक ने उन्हें लड़कों के चंगुल से छुड़वाया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पॉलीथिन का प्रयोग न करके कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें शहरवासी : सीजेएम

**रेवाड़ी।** डालसा व एक कदम मानवता की ओर संस्था के संयुक्त तत्वाधान में शहर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। वीरवार को राव तुलाराम पार्क में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वर्तमान में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना जरूरी है। शहरवासी प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग न करके कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें, क्योंकि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। इस अवसर पर डा.अजय शर्मा ने 100 कपडे के बैग भी वितरित किए। संस्था के अध्यक्ष राकेश भार्गव ने कहा वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण एक बेहद चिंताजनक विषय बन गया है। लोगों को इसके प्रति समय रहते ठोस कदम उठाने होंगे, नहीं तो आने वाले दिनों में और भी बुरे परिणाम देखने को मिल सकते है। डा.अजय यादव ने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी और बढ़ते हुए तापमान का मुख्य कारण पेड़ों का अभाव होना है। वर्तमान में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चल रही है, जबकि पौधे लगाने की ओर कम ध्यान दिया जा रहा है। इसलिए सभी को एकजुट होकर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने होंगे। संस्था की संस्थापक प्रियंका यादव ने मुहिम से जुड़ने के लिए सभी का आभार जताया। इस अवसर पर अनुज भार्गव, जतिन, योगेश व प्रकाश पंडित सहित वन विभाग के कर्मचारी व वरिष्ठजन उपस्थित थे।




रेवाड़ी। राव तुलाराम पार्क में पौधरोपण करते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### युवक को गाड़ी से टक्कर मारी, फिर मारपीट करके फरार

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ रोड स्थित बाइपास के फ्लाईओवर के पास कार में आए कुछ युवकों ने सड़क पर टहल रहे युवक को मारपीट करके घायल कर दिया। शास्त्री नगर निवासी गौरव ने रामपुरा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सुबह घूमने के लिए महेन्द्रगढ रोड पर जा रहा था, जब वह करीब 4:30 बजे बाइपास फ्लाईओवर के पास से वापस आ रहा था तो सहारनवास की ओर से आई एक गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिसके बाद गाड़ी में से उतर कर आए तरूण, नितिन उर्फ डब्लू व संदीप निवासी कतोपुर ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। सूचना मिलने पर परिवार ने उसे ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया। उसके बाद परिवार उसे निजी अस्पताल ले गया। गौरव ने बताया कि उसके भाई हेमंत के साथ युवकों की पहले कहासुनीं हुई थी, इसी रंजिश के कारण लड़कों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने गौरव की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

मौसम | वीरवार को दिनभर तेज धूप ने किया परेशान, दोपहर बाद आंशिक बादल छाने से कुछ राहत

# अब बढ़ने लगा रात का पारा, दिन के तापमान में दो डिग्री की गिरावट

- दिन में तेज धूप व लू जन जीवन प्रभावित कर रही
- मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सप्ताह भर मौसम में बदलाव आने की संभावना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

तीन दिन से लगातार बढ़ रहे दिन के तापमान में वीरवार को कुछ गिरावट आई, लेकिन दिनभर तेज धूप व गर्म हवाओं ने लोगों को जमकर परेशान किया। वीरवार को रात के तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी हुई। अब रात को उमस भरी गर्मी सताने लगी है। दिन में तेज धूप व लू जन जीवन प्रभावित कर रही है। उमस लोगों के पसीने छुड़ाने का काम कर रही है। तापमान में बढ़ोतरी के साथ झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सप्ताह भर मौसम में बदलाव आने की संभावना नहीं है। बीच-बीच में आंशिक बादल छाए रहेंगे और तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव चलता रहेगा।

वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। सुबह 10 बजे बाद से ही तेज धूप व गर्म हवाओं ने काफी परेशान किया। अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 44 डिग्री पर आ गया तथा न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 32 डिग्री पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह भारी गर्मी का कम हुआ असर फिर से बढ़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण बाजार व शहर की सड़कों पर लोग कम नजर आ रहे है। मौसम विभाग के अनुसार अभी बरसात आने की संभावना कम है।



रेवाड़ी। वीरवार को धूप से बचाव करते सरकुलर रोड से गुजरती महिलाएं।

### किसानों को बरसात का इंतजार

मौसम में बदलाव होने से बिजली की खपत में आई कमी फिर से बढ़ने लगी है। मौसम बदलने के साथ ही दिन व रात में पावर कट भी लग रहे है। लोग प्री-मानसून बरसात का इंतजार कर रहे हैं। किसानों को भी बरसात का इंतजार है ताकि बाजरे की बिजाई शुरू कर सकें। गर्मी बढ़ने के साथ पेय पदार्थों की भी खपत बढ़ गई है। बाजार में नींबू की शिकंजी व गन्ने के रस की दुकानों पर भीड पड़ रही है।

### गोदाम की दीवार तोड़कर 78 कट्टे सरसों ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गांव भवाड़ी-कमालपुर स्थित गोदाम की दीवार तोड़कर चोर सरसों के कट्टे चोरी कर ले गए। गांव भवाड़ी-कमालपुर स्थित एनबीएचसी प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में जौ व सरसों का स्टाक रखा हुआ है। जिला आगरा के गांव बरथला निवासी हॉल में युगल बिहार ढालियावास में किराये पर रहने वाले राधा कृष्ण ने बताया कि वह एनबीएचसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी करता है। कंपनी के गोदाम सरसों में प्रवीन कुमार सीनियर सुपरवाइजर के पद पर नौकरी करता है। उसे 12 जून दोपहर करीब 1:30 बजे पता चला की गोदाम से सरसों के कट्टे चोरी हो गए है। गोदाम के अंदर आकर चैक किया तो सरसों के 78 कट्टे गायब थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है।



सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट!

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।



### हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए। लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

### पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।



### पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट


फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

### अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

### अपने पापा के पापा को नहीं भूलना

बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।



जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।



सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

## जीके क्विज-108

1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?



बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
**सोनू :** 20 नंबर।
-रंजीत, हिसार

**नव्या :** अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी :** चिड़िया बनकर।
**नव्या :** अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी :** वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।
-खुशबू, रायपुर



**मम्मी :** तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन :** मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी :** अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन :** 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'
-शुभम, भोपाल

कहानी
डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

रंग भरो-152 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



उदय, बालोद



रितेश, मटियारी



सृष्टि, रायपुर



अपर्णा, कबीरधाम



अंकिता, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी

## रंग भरो 153

बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?






उत्तर : D

## खबर संक्षेप



### जन्मदिन पर छबील लगाकर पानी पिलाया

**धारूहेड़ा।** डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी मानवता भलाई के कार्यों में अपना सहयोग देते हुए हर खुशी मानवता भलाई के कार्य करके ही मनाते हैं। वीरवार को गांव खरखड़ा में अनुयायी युवा प्रिंस ने अपना जन्मदिन राहगीरों के लिए ठंडे पानी की छबील लगाकर मनाया। इस दौरान गांव की मुख्य सड़क व सेक्टर रोड से गुजरने वाले लोगों को पानी पिलाया गया। छबील में मंजीत, हर्ष, गौरव, दीपांशु, तनिष व दीपू ने सहयोग दिया।

### जान से मारने की धमकी देने पर केस दर्ज

**नारनौल।** सतनाली थाना पुलिस ने गांव जवाहर नगर निवासी महिला सविता देवी पत्नी शहीद राजेन्द्र सिंह की शिकायत पर सात नामजद व सात-आठ अन्य लोगों के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने व दीवार तथा गेट तोड़ने के आरोप में धारा 147, 149, 427 व 506 के तहत केस दर्ज किया है।

### कैशलेस मेडिकल सुविधा पर जताया आभार

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला प्रधान कर्मवीर खिंची ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के कर्मचारियों की काफी पुरानी मांग कैशलेस मेडिकल को पूरा कर दिया है और इस बाबत गत सात जून को नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश के कर्मचारियों, पेंशनर्स व आश्रितों का इलाज कैशलेस होगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने भी रिटायर्ड कर्मचारी व भाजपा जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा होने नाते मुख्यमंत्री और उनके ओएसडी अभिमन्यु यादव को पत्र भेजकर अनुरोध किया था।

### देसी कट्टे के साथ युवक काबू

**नारनौल।** सीआईए ने एक युवक को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि राजस्थान के बिठलौदा वासी व्यक्ति सुरेश नांगल चौधरी हाईवे बाईपास बहरोड़ पुल के नीचे खड़ा है। जिसके पास अवैध देसी कट्टा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। अगर तुरंत रेड की जाए, तो आरोपित को अवैध देसी कट्टे के साथ काबू किया जा सकता है।

### ग्राहक ने दुकान से किया मोबाइल चोरी

**नारनौल।** एक ग्राहक ने दुकान से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इस बारे में शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में राजेश सैनी ने बताया कि उसने बस स्टैंड के पास बनारसी पान भंडार नाम से दुकान कर रखी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि एक ग्राहक दुकान से सामान लेने आया और दुकान में रखा उसका मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। यह पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ है।

### सेवानिवृत्त एसपी के निधन पर विधायक ने जताया शोक

**कनीना।** भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री जसवंत सिंह बब्लू के पिता सेवानिवृत्त एसपी के निधन पर पार्टी नेताओं व समाज के प्रबुद्धजनों ने शोक जताया है। संजय जोशी, हलका विधायक सीताराम यादव ने उनके रेवाड़ी रोड स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यु व लाभ-हानि विधाता के अधीन है। यादव के निधन पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व जिला प्रधान राकेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन राजकुमार कनीनवाल, सूबेदार मुनीलाल शर्मा, बाबूलाल मुंडियाखेड़ा, पूर्व डीडीपीओ धर्मबीर यादवए, रतनलाल, राजसिंह, हरीश यादव ने शोक जताया।

---

## पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग सजग : डॉ. बनवारीलाल

# गर्मी में जिलावासियों की बिजली-पानी की समस्या का विशेष ध्यान रखें अधिकारी

- जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री डा. बनवारी लाल ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में जिला सहित पूरे प्रदेश में पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सजग है। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी पेयजल आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार से कोई व्यवधान उत्पन्न हो, अधिकारी उसका समाधान तत्परता से करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू रखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाएगा ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में परेशानी न हो सकें। जनस्वास्थ्य मंत्री डा.बनवारी लाल वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में जिले की विकास परियोजनाओं सहित मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। डीसी राहुल हुड्डा ने जनस्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया और जिले में चल रही विकास परियोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। डीसी ने आश्वस्त किया कि जो भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिला प्रशासन उन निर्देशों की अनुपालना प्रभावी ढंग से करेगा।



रेवाड़ी। लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते डा. बनवारी लाल।

### गर्मी में निर्बाध रहे बिजली व जलापूर्ति

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि पानी प्रदेश की जनता की मूलभूत आवश्यकता है और जीवन का आधार है। अधिकारियों को चाहिए कि वह प्रदेश की जनता के घरों में पेयजल की पर्याप्त मात्रा में सप्लाई करें। विभाग के अधिकारी ग्रामीण व शहरी परिवेश में बिजली व्यवस्था को बनाए रखते हुए जलापूर्ति सुचारू रखें ताकि गर्मी में आमजन को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखा जाए कि लोगों के घरों में गंदे पानी की सप्लाई न हो और स्वच्छ पेयजल ही हर घर तक पहुंचे। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार नई पेयजल पाइप लाइन डालने के भी निर्देश दिए। साथ ही बिजली निगम के अधिकारियों को अघोषित कटो पर अंकुश लगाने के साथ ही बिजली के पुराने खंबों व तारों को बदलने के निर्देश दिए।

### निर्धारित अवधि में पूर्ण करें विकास परियोजनाएं

लोक निर्माण मंत्री ने जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग जिले में जितनी भी विकास परियोजनाएं लंबित हैं उन्हें निर्धारित समयावधि में पूरा करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी विभाग विकास योजनाओं को आपसी तालमेल के साथ पूर्ण करें। उन्होंने लोक निर्माण, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ग्रामीण विकास विभाग व शहरी निकाय सहित अन्य सभी विभागों की ओर से विकास परियोजनाओं के कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा की।

### समाधान शिविर सरकार की सार्थक पहल

डा. बनवारी लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर के रूप में सार्थक पहल की है। प्रदेश में डीसी, एसपी व एडीसी सहित एसडीएम जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर शिविर में लोगों की विभिन्न प्रकार की शिकायतों व समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर रहे हैं। आमजन भी इस प्रकार की पहल से काफी खुश हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आमजन से मधुर भाषा में बात करते हुए व्यवहार कुशलता का परिचय देते हुए शिकायतकर्ता की शिकायत सुनकर उसकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में डीसी राहुल हुड्डा, एडीसी अनुपमा अंजलि, एसडीएम बावल मनोज कुमार, एसडीएम कोसली उदय सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

---

## गांवों के विकास कार्यों में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : लक्ष्मण



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते कोसली विधायक लक्ष्मण यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता है। गांवों के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। तमाम अधिकारी निर्धारित समयावधि में विकास कार्यों को पूरा कराना सुनिश्चित करें। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कोसली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। कोसली विधायक ने अधिकारियों से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। विधायक यादव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गांवों के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के चलते विकास की गति रुकी रही, लेकिन अब मुख्यमंत्री पूरी तरह एक्शन मोड़ में है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी तथा लापरवाह अधिकारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विधायक ने कहा कि कोसली पूरी तरह ग्रामीण क्षेत्र है, इसलिए तमाम अधिकारी जनप्रतिनिधियों से बेहतर तालमेल मिलाकर विकास कार्यों को तत्परता के आधार पर निर्धारित समयावधि में पूरा कराएं। विकास कार्यों में गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता असहनीय होगा। उन्होंने कहा कि विकास को लेकर सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लें तथा उनका समय पर समाधान करें। एक्सईएन नरेंद्र गुलिया, एसडीओ हरीश चौहान, एसडीओ जगबीर सिंह, एसडीओ विकास कुमार, बीडीपीओ अंकित चौहान व बीडीपीओ अमन मित्तल सहित जेई व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

---

## महिला के साथ वकील बनकर ठगी खाते से 45 हजार कराए ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धारूहेड़ा

- महिला ने एक कंपनी में ऑनलाइन काम करने के लिए अप्लाई किया था
- ठगों ने महिला के साथ तीन बार 45 हजार रुपये की ठगी कर ली

एक साइबर ठग ने वकील बनकर गांव मसानी निवासी महिला के साथ ठगी कर ली। महिला ने एक कंपनी में ऑनलाइन काम करने के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसने काम नहीं किया, जिसके बाद साइबर ठग ने वकील बनकर महिला को डराया और रिकॉर्ड क्लीयर करने के नाम पर उसके खाते से 45 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मसानी निवासी सुलक्षा यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके पास एक कॉल आई और फोर सॉल्यूशन नामक ऑनलाइन कंपनी में ऑनलाइन वर्क करने संबंधित जानकारी दी। महिला ने काम के लिए अप्लाई तो कर दिया, लेकिन काम नहीं किया।

इसके बाद उसके पास विजय सिंह नाम के एक व्यक्ति ने एडवोकेट बनकर कॉल की। ठग ने कहा कि आपने काम नहीं किया है, जिसकी वजह से आपका रिकॉर्ड खराब हो गया है तथा रिकॉर्ड क्लीयर करने के नाम पर उससे 6500 रुपए मांगे। महिला शातिर ठग के झांसे आ गई और उसने गुगल-पे से 6500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसके पास फिर से कॉल आई और उसे फिर से डराया गया। महिला से राहुल पटेल नाम के व्यक्ति के खाते में 32500 और 6000 रुपये फिर से डलवाए गए। ठगों ने महिला के साथ तीन बार 45 हजार रुपये की ठगी कर ली। इसके बाद तंग आकर महिला ने पुलिस को शिकायत दी। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

### पांच दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र में गत आठ जून को रेवाड़ी रोड़ पर हुए सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में अटेली क्षेत्र के खेड़ी निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई सरजीत गत आठ जून को खेड़ी से अपने ससुराल निजामपुर मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। इस दौरान रेवाड़ी रोड पर वाटर बूस्टिंग स्टेशन के सामने अज्ञात वाहन ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसका भाई सरजीत घायल हो गया।

## आयुष विभाग की ओर से लगाए जा रहे योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

महानिदेशक आयुष हरियाणा पंचकूला के आदेशानुसार एवं हरियाणा योग आयोग पंचकूला के मार्गदर्शन में दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भव्य तरीके से किया जाएगा।

आयुष विभाग की ओर से जिले के प्रत्येक गांव में अनेक स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष विभाग की ओर से गांव बलवाड़ी में भी दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को योग सहायक रवि दत्त व आयुष योग सहायक नरेन्द्रपाल ने ग्रामीणों को योग अभ्यास कराया। उन्होंने बच्चों व बुजुर्गों को योग का का महत्व बताते हुए प्राणायाम, अनुलोम-विलोम व भ्रामरी सहित अनेक क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर पीटीआई नरेश कुमार, देवीलाल, रामकिशन, राजेन्द्र व अत्तर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



रेवाड़ी। योगाभ्यास कराते हुए योग प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

---

## एसडीएम ने 'समाधान शिविर' में सुनीं 36 लोगों की समस्याएं



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

- समाधान शिविर में 20 लोगों की बनाई बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र से संबंधित पांच शिकायतें निपटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशा अनुसार एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को 36 शिकायतें आई। एसडीएम संजीव कुमार ने इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया व बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देश पर अब हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इस मौके पर क्रीड विभाग से अनिता भालोठिया ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित आई पांच शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग से लिपिक प्रदीप कुमार ने समाधान शिविर में 20 लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाई। एसडीएम ने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी। इन शिविरों में जमीन की रजिस्ट्री, एनओसी प्राप्त करने, राशन कार्ड बनवाने, राशन वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की सुनवाई भी होगी। इस मौके पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, नगर पालिका से लिपिक सोनू, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीण यादव बैरावास, जिला कल्याण विभाग से ममता, बीडीपीओ कार्यालय से नितिन, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द के अलावा अन्य विभागों से अधिकारी मौजूद थे।

## राज्य सरकार नारी को और अधिक स्वावलंबी बनाने का कर रही प्रयासः संगीता यादव

- महिलाओं को विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आज के युग में नारी किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। राज्य सरकार भी नारी को और अधिक स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। समाज को नारी की सुरक्षा व सम्मान को सवारेपरि मानना होगा। साथ ही समाज से पितृसत्तात्मक सोच को बदलने की जरूरत है। यह बात जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने वीरवार को महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए शक्ति अभियान के तहत पंचायत भवन में आयोजित एक कार्यशाला में कही। उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों के साथ जोड़ने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी प्रेम कुमार ने बागवानी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बागवानी एक तेजी से उभरता हुआ कृषि व्यवसाय है। बागवानी में मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, फूलों व फलों की खेती, चाय बागान आदि प्रमुख विषय हैं। बागवानी में संभावनाओं और उसके गुणवत्ता को बेहतर बनाने का कार्य किया जाता है। इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं। बागवानी को भविष्य की खेती भी कहा जाता है। इसे एक बार लगा देने से कई सालों तक मुनाफा ले सकते हैं।



नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करती जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव।

### पूर्व शिक्षा मंत्री ने सीएम से मुलाकात में की मंत्रणा

**महेंद्रगढ़।** पूर्व शिक्षा प्रो. मंत्री रामबिलास शर्मा ने वीरवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला महेंद्रगढ़ के लिए विकास को लेकर यानि विभिन्न नए व पुराने प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से चर्चा की। प्रो. शर्मा ने जिला महेंद्रगढ़ में सरकार द्वारा ढांचागत सुविधाओं पर दिए जा रहे फॉक्स को लेकर उनका धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने महेंद्रगढ़ में चल रहे शेष प्रोजेक्ट में भी तेजी लाने तथा उनका लाभ शीघ्र आमजन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने के लिए जिले में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देना जरूरी है। ऐसे में एचएसआईआईडीसी द्वारा जिले के गांव खुडाना में बनने वाले आइएमटी प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करवाया जाना आवश्यक है।

### गैस एजेंसी का ताला तोड़कर चोरी के मामले में एक और गिरफ्तार

**नारनौल।** गैस एजेंसी का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान गुलशन वासी रेवाड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को रेवाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जिसे वीरवार को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। जिससे पूछताछ में उससे नकदी बरामद की थी। शिकायतकर्ता सुरेश कुमार वासी रातां खुर्द ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत देते हुए बताया कि वह एचपी गैस एजेंसी का मालिक है। सोमवार की छुट्टी होती है और शनिवार, रविवार की नकदी जमा करवाने के लिए प्रदीप एजेंसी में आया और देखा कि एजेंसी का ताला तोड़कर नकदी चोरी की हुई है।

---

**अभियान** | राव तुलाराम पार्क व मोहल्ला संघी का बास में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव को लेकर किया जागरूक

# जिला पुलिस का नशे के खिलाफ विशेष अभियान, 26 तक चलेगा नशा मुक्त पखवाड़ा

- पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर व ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पंचकूला के मार्गदर्शन में नशामुक्त पखवाड़ा प्रारंभ
- नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 पुलिस विभाग को दें



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर व ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पंचकुला के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के नेतृत्व में 26 जून तक जिले में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। एसपी ने बताया कि इस अभियान से पहले भी जिला पुलिस की टीम सुबह और शाम युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश देती रही हैं। अभियान से जहां युवा खेलों से जुड़ेंगे वहीं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहेंगे। वीरवार को डीएसपी हैडक्वाटर पवन कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस ने राव तुलाराम पार्क व मोहल्ला संघी का बास में युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने युवाओं नशा न करने को लेकर जागरूक किया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई। पुलिस की सभी टीमों ने लगभग पांच सौ लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। पुलिस टीम ने कहा कि आमजन स्वयं भी लिंक पर ई-प्लेज लेकर अपना प्रमाण पत्र प्राप्त कर नशा मुक्त भारत अभियान में योगदान दे सकते है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 पुलिस विभाग को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार के नशे का आदी है और नशा छोड़ना चाहता है तो वह भी पुलिस प्रशासन से सम्पर्क कर सकता है।



रेवाड़ी। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते डीएसपी पवन। फोटो : हरिभूमि

### सूचना

मैं, एक्स हवलदार नरेश कुमार पुत्र श्री कंवरपाल नंबर 2892091ए निवासी ग्राम झाल तह कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में 30-01-2006 को जन्मे मेरे बेटे का नाम प्रांशु कुमार दर्ज है जबकि उसके आधार कार्ड व दसवीं के सर्टिफिकेट में उसका सही नाम प्रियांशु दर्ज है। दोनों नाम प्रांशु कुमार व प्रियांशु एक ही व्यक्ति यानि मेरे बेटे के ही हैं। मैंने उसका नाम प्रांशु कुमार से बदलकर प्रियांशु रख दिया है।

### सूचना

हम, किरण ज्योति पत्नी श्री रणबीर सिंह व रणबीर सिंह पुत्र श्री जगमाल सिंह निवासी गांव साहदतनगर तह कोसली जिला रेवाड़ी बयान करते हैं कि हमारा सगा लड़का कार्तिक कुमार हमारे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करता है। हम उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। आज के बाद हमारा उससे कोई वास्ता नहीं रहेगा। भविष्य में वह अपने व्यवहार, किसी प्रकार के संबंध व लेन देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**खबर संक्षेप**

### बंद मकान से लाखों के जेवरात ले गए चोर

**रेवाड़ी।** शक्ति नगर कॉलोनी स्थित बंद मकान से दिन-दहाड़े चोर चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात के समय मकान मालिक ड्यूटी पर व परिवार बाहर गया हुआ था। शक्ति नगर गली नंबर-9 निवासी सत्यपाल यादव ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नीमराना स्थित हीरो कंपनी में कार्यरत है। 12 जून को वह ड्यूटी पर चला गया था तथा उसके बच्चे और पत्नी अहमदाबाद गए हुए है। जब वह शाम को ड्यूटी से आया तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर एक ढाई तोले की सोने की चैन और एक 100 ग्राम का चांदी का सिक्का गायब था। पुलिस ने मौके का मुआयना कर अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### सड़क पर खड़े युवक की बाइक की टक्कर से मौत

**डहीना।** गांव गोठड़ा के सड़क पर खड़े युवक को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई। गांव गोठडा टप्पा डहीना निवासी राजकिशन ने बताया कि वह अपने घर पर था। उसके पास सोनू का फोन आया कि उसके भाई पवन कुमार का एक्सीडेंट हो गया है। जब वह गोठड़ा स्थित मदन ढाबा के पास पहुंचा तो वहां सोनू, जोगेन्द्र व इन्द्रपाल मौजूद थे। उन्होंने बताया कि गांव कंवाली की ओर से आ रहे एक बाइक सवार ने पवन कुमार को सीधी टक्कर मार दी। बाइक की स्पीड तेज होने के कारण पवन को काफी चोटें आईं। उन्होंने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रास्ता रोककर दो युवकों के साथ मारपीट

**रेवाड़ी।** बाइक पर जा रहे दो युवक के साथ मोहल्ले के ही दो युवकों ने रास्ता रोककर सरिये व सुआ से हमला कर दिया, जिससे युवक को काफी चोटें आईं। इंद्रा कॉलोनी निवासी पीयूष ने कानोड़ गेट चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 11 जून रात करीब 9:30 बजे अपने ताऊ के लड़के सत्यम के साथ मोटरसाईकिल पर अपने घर जा रहा था। जब वह मोहल्ले में पहुंचा तो अंशु व शुभम रस्ता रोककर गाली-गलौच करने लगे। शुभम ने उस पर सरिये से वार किए तथा अंशु ने सुआ मारकर चोट पहुंचाई। उसने अपने पिता प्रवीण कुमार को बुलाया तो उसी समय गली के अंदर से विशु उर्फ बुगल व मनोज अपने हाथों में ईंट लेकर आ गए और उन पर फेंक दी। उसके पिता ने बीच-बचाव करके ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया।

### चौ. दीपेन्द्र हुड्डा कल कोसली में

**कोसली।** रोहतक लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद चौ. दीपेंद्र सिंह हुड्डा 15 जून को कोसली में धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर कोसली हल्के के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता ओमप्रकाश डाबला ने बताया कि इस मौके पर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

### बगथला में तीन ट्यूबवेल से केबल चोरी

**कसोला।** गांव बगथला में चोर तीन ट्यूबवेल से केबल काटकर चोरी कर ले गए। आर्मी से रिटायर्ड गांव बगथला निवासी जलसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जमीदारी का काम करता और अपने खेत में सौर उर्जा का कनेक्शन लिया हुआ है। 10 जून की रात चोर उसके ट्यूबवेल से करीब 60 मीटर केबल चोरी कर ले गए। जलसिंह ने बताया कि चोरों ने उसके खेत के पड़ोसी दलीप सिंह व हंसराज के ट्यूबवेल से भी केबल काटकर चोरी कर ली। कसोला थाना पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### चिकित्सकों की लापरवाही से गई अधेड़ की आंख

**भिवानी।** इंसान उपचार तो इसीलिए करवाता है कि शरीर निरोगी हो जाए, लेकिन जब चिकित्सकों की अनदेखी के चलते रोगी के जीवन में अंधेरा छा जाए तो क्या कहेंगे। भिवानी के राजेंद्र गुरुग्राम में अपनी आंख का ऑप्रेशन करवाने गए थे, लेकिन विशेषज्ञों ने ऐसी करामात की कि उनकी आंखों की रोशनी ही चली गई।

# बावल में अतिक्रमणकारियों पर नपा का शिकंजा, सड़क पर रखा सामान किया जब्त

- सड़क पर अतिक्रमण करने पर 11 हजार रुपये तक काटा जाएगा चालान, इसके बाद भी नहीं माने तो सामान होगा पूर्णतया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल





रेवाड़ी। बावल बाजार से सामान उठाते हुए नपा कर्मचारी तथा बावल बाजार से ट्रैक्टर में लोड किया गया सामान। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को बावल कस्बे के मुख्य बाजार में नगरपालिका की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों की ओर से सड़क पर रखे गए सामान, तख्त, मेज व रेहड़ियों को जब्त किया गया तथा दुकानदारों को भविष्य में सड़क पर सामान न रखने की सलाह दी गई। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों के साथ नपा प्रधान एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह महलावत व सचिव भी मौजूद थे। नगर पालिका प्रधान महलावत ने बताया कि बावल बाजार में दुकानदारों व रेहड़ीवालों ने काफी अतिक्रमण किया हुआ था, जिससे सड़क पर आनेजाने वाले लोगों व वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर पालिका की ओर से बाजार में सड़क पर सामान न रखने के लिए पहले ही मुनादी करा दी गई थी, लेकिन दुकानदारों व रेहड़ी वालों ने फिर भी सड़क पर अतिक्रमण जारी रखा। अतिक्रमण के कारण बाजार से जाम लगने की बार-बार शिकायत आ रही थी।

वीरवार को जैसे ही नगरपालिका की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मंच गया और दुकानदार आनन-फानन में अपना सामान उठाकर दुकान के अंदर रखने लगे तथा रेहड़ी वाले तितर-बितर होकर भागने लगे, लेकिन नपा की टीम ने सड़क पर रखा काफी सामान जब्त करके ट्रैक्टर में लोड कर लिया। नगर पालिका प्रधान ने कहा कि इसके बाद भी रेहड़ीवाले व दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण करने से बाज नहीं आए, तो उनका चालान भी किया जाएगा। नगर पालिका की ओर से चालान की नीति बनाई गई है। प्रधान ने बताया कि अतिक्रमण करने पर दुकानदार का पहली बार 2000 का चालान, दूसरी बार 5000 का चालान और तीसरी बार 11000 का चालान किया जाएगा। इसके बाद सामान जब्त करके लौटाया नहीं जाएगा।

## दसवीं आधार पर 19 व 12वीं व आईटीआई पास छात्रों की 21 जून को जारी होगी मेरिट लिस्ट

# पॉलीटेक्निक कॉलेज धामलावास में 360 सीटों पर आवेदन 18 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज धामलावास में सात कोर्सो की 360 सीटों पर आवेदन प्रक्रिया चल रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीन वर्षीय कोर्स के लिए दाखिले होने है। प्रेस प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि संस्थान में 10वीं कक्षा के आधार पर आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के दाखिले दसवीं के अंकों की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे, जबकि 12वीं साइंस संकाय और आईटीआई पास विद्यार्थियों के दाखिले 12वीं साइंस संकाय और आईटीआई के प्राप्तांक की मेरिट के आधार पर होंगे। हरियाणा सरकार की ओर से लड़कियों के दाखिले में 25 प्रतिशत आरक्षण रखा गया है और उनकी ट्यूशन फीस भी माफ की गई है। पॉलिटेक्निक कॉलेज में अब तक 300 से अधिक विद्यार्थियों की ओर से पंजीकरण कराया जा चुका है।




रेवाड़ी। धामलावास स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज। फोटो : हरिभूमि



संस्थान के प्रधानाचार्य डा. रविन आहूजा ने बताया कि 10.25 एकड़ में स्थित धामलावास कॉलेज हरा-भरा और वाई-फाई युक्त सुसज्जित कैंपस है, जिसमें आधुनिक लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, मशीनरी और उपकरण लैस वर्कशॉप तथा योग्य व अनुभवी स्टॉफ उपलब्ध है। संस्थान में आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं की ट्यूशन फीस माफी का प्रावधान रखा गया है तथा मेधावी छात्रों को प्रत्येक सेमेस्टर में छात्रवृति भी प्रदान की जाती है। संस्थान में अन्य कई प्रकार की छात्रवृति प्रगति, अनुसुचित जाति और पिछड़ा वर्ग छात्रवृति प्रदान की जाती है। संस्थान में कंपनियां बुलाकर छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है और आगे भी शत प्रतिशत रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। दाखिला प्रभारी पवित्रपाल यादव ने बताया कि दाखिले के लिए 10वीं पास छात्र 17 जून तक तथा 12वीं साइंस संकाय और आईटीआई पास छात्र 18 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। दाखिले के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क पर अनिल यादव, परमजीत यादव, मुकेश कुमार, रामानन्द यादव, विजय यादव, मनेद्र यादव, देवेन्द कुमार, प्रदीप, नीरज, मुकुल, सरिता, नवीन, नरेन वर्मा व साहिल सहित सभी प्राध्यापक सहयोग कर रहे है।

### 12वीं व आईटीआई पास की दाखिला प्रक्रिया

12वीं व आईटीआई पास छात्रों के ऑनलाइन आवेदन 18 जून रात 11:59 तक लिए जाएंगे। रजिस्टेशन फीस जमा 18 जून रात 11:59 तक। 21 जून शाम 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। 24 से 26 जून रात 11:59 तक आवेदक ट्रेड चयन करके लॉक कर सकेंगे। 27 जून शाम 5 बजे तक सीट अॅलाटमेंट किया जाएगा। इसके बाद विद्यार्थियों को दस्तावेज व फीस सहित 28 जून से 1 जुलाई तक संस्थान में उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

### 10वीं आधार पर दाखिला प्रक्रिया

10वीं पास छात्रों के ऑनलाइन आवेदन 17 जून रात 11:59 तक लिए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन फीस जमा 18 जून रात 11:59 तक होगी। 19 जून शाम 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। 20 से 24 जून रात 11:59 तक आवेदक ट्रेड चयन करके लॉक कर सकेंगे। 25 जून शाम 5 बजे तक सीट अॅलाटमेंट किया जाएगा। इसके बाद विद्यार्थियों को दस्तावेज व फीस सहित 26 से 29 जून तक संस्थान में उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

- हरियाणा सरकार की ओर से लड़कियों के दाखिले में 25 प्रतिशत आरक्षण रखा गया है और उनकी ट्यूशन फीस भी माफ की गई
- 27 जून शाम 5 बजे तक सीट अॅलाटमेंट किया जाएगा

**सीटें उपलब्ध**

| कोर्स | उपलब्ध सीटें |
|---|---|
| ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग | 60 |
| कम्प्यूटर इंजीनियरिंग | 60 |
| इलेट्रिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | 30 |
| आई एण्ड सी इंजीनियरिंग | 30 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| मेडिकल लैब टैक्नालॉजी | 60 |

# योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन : प्राचार्य



रेवाड़ी। योग शिविर के समापन पर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- पीथड़ावास स्थित शहीद दशरथ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय योग जागरूकता शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

गांव पीथड़ावास स्थित शहीद दशरथ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय योग जागरूकता शिविर का वीरवार को समापन हो गया। सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद रेखा देवी, सरपंच नरेश कुमार ढाणी भांडोर, प्राचार्य राकेश कुमार शर्मा तथा समाजसेवी खजान सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथिओ ने शहीद दशरथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यातिथि ने कहा कि योग प्राणायाम का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। योग हमे विभिन्न बीमारियों से बचाने में मदद करता है। उन्होंने सभी से योग को नियमित रूप से अपनाने की अपील की। प्राचार्य राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि योग प्राणायाम और ध्यान आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन है, जो जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। योग प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित रूप से योगिंग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार तथा योग प्राणायाम का अभ्यास करने की अपील की।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर प्रवक्ता भीम सिंह, यशवंत राव, सुरेंद्र कुमार, अध्यापक रवि कुमार, समाजसेवी अमृत कुमार, हमीर सिंह, मोहित कुमार, नितेश कुमार, जिले सिंह, सुमित कुमार व पतंजलि योग समिति के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार उपस्थित थे।

# आमजन में स्वास्थ्य सुधार के लिए चेतना पैदा करने का माध्यम बनेगा योग दिवस : एडीसी

- 21 जून को मनाया जाएगा दसवां अंतराष्ट्रीय योग दिवस, तैयारियों को लेकर एडीसी अनुपमा अंजलि ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी अनुपमा अंजलि। फोटो : हरिभूमि

राव तुलाराम स्टेडियम में 21 जून को जिला स्तर पर दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग प्रोटोकॉल के साथ मनाया जाएगा। एडीसी अनुपमा अंजलि ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि विभाग अपनी-अपनी विभागीय तैयारी समय रहते पूरा करें ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वास्थ्य सुधार की दिशा में सार्थक रूप से प्रेरणादायी और अनुकरणीय रहे। एडीसी ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाला दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आमजन मानस में स्वास्थ्य सुधार के लिए चेतना पैदा करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि शारीरिक व मानसिक विकास में योग की अहम भूमिका है। ऐसे में योग को दैनिक रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए स्वास्थ्य सुधार में हम आगे बढ़ सकते हैं। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय सहित सभी खंडों में प्रभावी ढंग से कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने आमजन को योग दिवस में अधिक से अधिक भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत तंत्र विकसित हो सकें।

### सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की रहेगी भागीदारी

एडीसी ने कहा कि योग दिवस समारोह में प्रशासनिक स्तर के साथ ही सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की भी सक्रिय भागीदार रहेगी। योग दिवस की सफलता के लिए जिला आयुष विभाग के अलावा नेहरू युवा केंद्र, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग पीठ, जिला खेल विभाग, जिला रेडक्रास सोसायटी, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी व एनएसएस विंग का सहयोग रहेगा। उन्होंने आमजन से 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम में बढ़चढकर सहभागिता करते हुए योग कर अपने शरीर को चुस्त एवं तंदुरूस्त बनाए रखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित खंड स्तरीय कार्यक्रमों में ग्रामीणों की अधिक से अधिक उपस्थिति के लिए जागरूकता फैलाएं। उन्होंने बताया कि 19 जून को योग दिवस को लेकर रिहर्सल होगी।

# चोरी के जेवरात खरीदने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

रोहड़ाई थाना पुलिस ने घर से जेवरात चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला आनन्द नगर निवासी हरीश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी हुई 1 जोड़ी पायजेब भी बरामद की है। गत 6 मई को गांव रोहड़ाई निवासी सुरेंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि 30 अप्रैल को वह अपनी पत्नी को दवाई दिलाने के लिए नारनौल लेकर गया था। पीछे से उसके बेटे विपिन किन्हा ने उसके घर से जेवरात चोरी करके अपने साथी प्रियांशु को दे दिए। पुलिस ने आरोपी विपिन किन्हा व प्रियांशु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में प्रियांशु ने बताया की उसने चोरी के कुछ जेवरात मोहल्ला आनन्द नगर निवासी हरीश को बेच दिए थे। मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी हरीश को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



### नशीले पदार्थ के चार आरोपी काबू दो से 16.62 ग्राम स्मैक बरामद

**कुंड।** खोल थाना पुलिस ने बुड़ोल बस स्टैंड के पास से नशीला पदार्थ स्मैक के साथ चार आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने रविकांत उर्फ पिटारी निवासी बचीनी जिला महेन्द्रगढ, पवन उर्फ काला निवासी बचीनी जिला महेन्द्रगढ, प्रीतम निवासी नांगल मोहनपुर जिला महेन्द्रगढ व सुधीर उर्फ बुच्चा निवासी मोहनपुर जिला महेन्द्रगढ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 16.62 ग्राम स्मैक भी बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गांव बुड़ोली बस स्टैण्ड पर स्मैक बेचने के लिए खड़े है। पुलिस ने मौके पर रेड करके चारों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर रविकांत उर्फ पिटारी के पास 70 पाउच मिले, जिनमे 8.93 ग्राम स्मैक थी तथा प्रीतम के पास 60 पाउच मिले, जिसमे 7.69 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पवन व सुधीर के पास से कोई नशीला पदार्थ नहीं मिला। खोल थाना पुलिस ने चारों पर एडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### दो बाइकों की भीषण टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी से गुरावड़ा की ओर से तेज गति से जा रहे एक बाइक सवार ने अन्य बाइक सवार को जारदार टक्कर मार दी, जिससे अनबेलेंस होकर बाइक गिरने से लगी चोटों के कारण युवक की मौत हो गई। जीएमएसएसएसएस पटोदी में कार्यरत गांव गुड़ियानी निवासी शिक्षक विश्वामित्र ने रोहड़ाई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मई को जब वह स्कूल में ड्यूटी पर था तो उसको सुबह करीब 9:30 बजे सूचना मिली कि उसके बेटे कृष्ण कुमार की एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई है। सूचना पर उसका छोटा भाई राजस्थान पुलिस में कार्यरत सुमेर सिंह सरकारी अस्पताल पहुंचा तथा लाश को देखकर सुधबुध खो जाने पर बिना खोजबीन करे पुलिस को ब्यान दे दिए कि उसके भतीजे की फुटपाथ पर लगने से मौत हुई है। बाद में मृतक के पिता ने मौके पर जाकर जानकारी जुटाई तो पास के पैट्रोल पंप के कर्मचारी प्रवीन कुमार निवासी पहराजवास व प्रवीण ने बताया तेज गति से आई बाइक ने उसके बेटे की बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे दोनो सवार अनबैलेंस होकर गिर गए।



रेवाड़ी। छबील लगाकर मीठा जल पिलाते बच्चे और महिलाएं।

### बच्चों ने जेब खर्ची से छबील लगाकर मीठा पानी पिलाया

**रेवाड़ी।** वीरवार को गांव छुरियावास स्थित बाबा मोहन राम मंदिर के पास छोटे बच्चों ने भीषण गर्मी में छबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाया। इस सामाजिक कार्य में छोटे बच्चों ने अपनी जेब खर्चे से जोड़े हुए पैसों का इस्तेमाल किया। मीठा जल वितरण कार्य में अरुण, उमेश, ललित कुमार, योगेश कुमार, रामनिवास, ललित भगत, खोटी, निकू, तरुण, काकू, गोलू व करिश्मा के साथ महिला तारा देवी, बाला, कृष्णा, रजनी व फूलवती ने सहयोग दिया।

### फ्री आधार अपडेट कराने की अंतिम तिथि आज

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने बताया की आधार कार्ड अपडेट कराने का आज अंतिम दिन है। यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख 14 जून निर्धारित की हुई है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 8 से 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नागरिक माईआधार.यूआईडीएआई.जीओवी.इन वेबसाइट पर जाकर स्वयं भी अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर कराया जा सकता है। डीसी ने कहा कि भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए नागरिक अपना आधार कार्ड को अपडेट जरूर कराएं।

**समाधान शिविर** | लघु सचिवालय में चौथे दिन पहुंची करीब 127 शिकायतें, डीसी ने विभागों को दिए समाधान के निर्देश

# समाधान शिविर में बढ़ रही शिकायतें, मुख्य सचिव कार्यालय से की जा रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी







रेवाड़ी। शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते डीसी व एडीसी तथा लघु सचिवालय में शिकायतें लेकर पहुंचे नागरिक। फोटो : हरिभूमि

आमजन की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए वीरवार को लघु सचिवालय की प्रथम मंजिल पर आयोजित समाधान शिविर के चौथे दिन करीब 127 शिकायतों पर सुनवाई की गई। डीसी राहुल हुड्डा व एडीसी अनुपमा अंजलि ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निर्धारित समय में समाधान करने के निर्देश दिए तथा अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। पिछले चार दिनों से जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में नागरिक विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में शिकायतें लेकर आ रहे हैं, जिनमें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, भूमि विवाद, बिजली कनेक्शन, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। मौके पर ही सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर शिकायतों का त्वरित समाधान करने की कार्रवाई कर रहे है। ज्यादातर मामलों में मौके पर ही समाधान प्रदान किए जा रहे हैं। जबकि कुछ मामलों में, अधिकारियों ने शिकायतों का निपटारा करने के लिए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की है, जिसमें समस्या का समाधान करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा स्टेटस

समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। समाधान शिविर में अब तक रखी गई ज्यादातर शिकायतों का समाधान किया जा चुका है तथा जो शिकायतें लंबित हैं उनका समाधान जल्द ही किया जाएगा।

### निगरानी के लिए समाधान शिविर प्रकोष्ठ गठित

डीसी ने बताया कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच व उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से समाधान शिविरों में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर निगरानी रखने के लिए समाधान शिविर प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसकी निगरानी मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से नियमित रूप से की जा रही है।